NCERT SOLUTIONS

CLASS - 6TH

aglasem.com

Class: 6th
Subject : हिन्दी
Chapter : 13
Chapter Name : मै सबसे छोटी होऊ

Q1 कविता में सबसे छोटे होने की कल्पना क्यों की गई है?

Answer. सबसे छोटे होने की कल्पना इसीलिए की गई है क्योंकि इससे माँ का प्यार मिलता रहेगा और माँ के आँचल की छाया मिलती रहेगी। माँ हमेशा साथ रहेगी और हर सुख दुख में मेरा साथ देगी। अलग अलग प्रकार के खिलौने खेलने के लिए मिलते रहेंगे। माँ के मुख से परियों की कहानियाँ सुनने को मिलती रहेगी।

Page No : 95, Block Name :निम्नलिखित प्रश्न के उत्तर लिखिए।

Q2 कविता में 'ऐसी बड़ी न होऊँ मैं' क्यों कहा गया है? क्या तुम भी हमेशा छोटे बने रहना पसंद करोगे?

Answer. बचपने का अपना अलग ही मज़ा है, बचपन मे किसी भी तरह की कोई चिंता नही रहती। बस अपनी ही मस्ती दिखती है। हर चीज़ का ख्याल रखने के लोए हमारे साथ कोई न कोई होता है। हमारी जरूरतों को जानते हैं। माँ इस सब का ख्याल रखती है। इसीलिए कवि ने यह कल्पना की है। हाँ, मैं भी हमेशा छोटा बना रहना पसंद करुँगा।

Page No. 95, Block Name. निम्नलिखित प्रश्न के उत्तर लिखिए।

Q3 आशय स्पष्ट करो-
हाथ पकड़ फिर सदा हमारे
साथ नहीं फिरती दिन-रात।

Answer. इन पंक्तियों में कवि कहना चाहतें हैं कि जिस तरह बचपन मे माँ हमारे साथ हाथ पकड़ कर हर वक़्त रहा करती थी, उस तरह अब नही रहा करती। जैसे बचपन मे हाथ पकड़ कर घुमाया करती थी वैसे नही घुमाती। उस तरह का प्यार नही दे पाती नही ख्याल रख पाती है।

Page No : 95, Block Name: निम्नलिखित प्रश्न के उत्तर लिखिए।

Q4 अपने छुटपन में बच्चे अपनी माँ के बहुत करीब होते हैं। इस कविता में नज़दीकी की कौन-कौन सी स्थितियाँ बताई गई हैं?

Answer. इससे कविता में बच्ची को अपने माँ के बहुत करीब दिखाया गया है, इसके लिए माँ को लोरी सुनाते हुए, परियो की कहानी सुनाते हुए, मा का आँचल पकड़ कर चलते हुए, बच्चे को खाना खिलाते हुए, और बच्चे को सजाते सँवारते हुए दिखाया गया है।

Page No : 95, Block Name : निम्नलिखित प्रश्न के उत्तर लिखिए।

Aglasem Schools

Q1 तुम्हारी माँ तुम लोगों के लिए क्या-क्या काम करती है?

Answer.हमारी माँ हमारे लिए निम्नलिखित कार्य करती है-

कभी भी खुद से अलग नहीं करती।

वह हर वक़्त अपने साथ सुरक्षित रखती है, किसी तरह की चोट नही खाने देती है।

प्यार से गोद मे सुलाती है और लोरियाँ सुनाती हैं।

नाहा धुला के अच्छे से सजाती सँवारती हैं।

बहुत अच्छा अच्छा बना बनाकर खिलाती है वो भी अपने हाथों से।

हमेशा अच्छी अच्छी बातें सिखाती है।

Page No : 95, Block Name : निम्नलिखित प्रश्न के उत्तर लिखिए।

Q2 यह क्यों कहा गया है कि बड़ा बनाकर माँ बच्चे को छलती है?

Answer. बड़े होने पर बच्चों को लगता है कि बड़े होने पर माँ ने तो उनको प्यार करती है ना ही खिलौने देती है। ना उसे नहलाती धुलाती है और नाही परियों की कहानी सुनाती है।

Page No : 95, Block Name : निम्नलिखित प्रश्न के उत्तर लिखिए।

Q3 उन क्रियाओं को गिनाओ जो इस कविता में माँ अपनी बच्ची या बच्चे के लिए करती है।
Answer. इस कविता में माँ अपने बच्चों गोद मे सुलाती है, हमेशा अपने निगरानी में रखती है। उसके साफ सफाई का खास ख्याल रखती है।इसे परियों की कहानियां सुनाती है, पढ़ाती लिखाती है।

Page No : 95, Block Name : निम्नलिखित प्रश्न के उत्तर लिखिए।

Q1 कविता के अंत में कभी मां के चंद्रोदय दिखा देने की बात क्यों कर रहा है? उदित होने की कल्पना करो और अपनी कक्षा में बताओ।

Answer. बच्चों को चाँद को निहारना अच्छा लगता है, इसलिए अकसर उसे देखकर उन्हें अच्छा लगता है, और ज्यादातर रात में ठंडक वाला माहौल रहता है जिसमे बच्चा अच्छा महसूस कर रहा होता है, बच्चे को चाँद से इतना प्यार होता है। इसीलिए कवि ने यहाँ चंद्रोदय दिखाने की बात कही है।

Page No : 95, Block Name : अनुमान और कल्पना

aglasem.com

Q2 इस कविता को पढ़ने के बाद एक बच्ची और उसकी मां का चित्र मन में उभरता है। वह बच्ची और क्या क्या कहती होगी? क्या क्या करती होगी? कल्पना करके एक कहानी बनाओ।

Answer. बच्चे स्वयं करे।

Page No : 95, Block Name : अनुमान और कल्पना

Q3 मां अपना एक दिन कैसे गुजारती है? कुछ मौकों पर उसकी दिनचर्या बदल जाया करती है जैसे- मेहमानों के आ जाने पर, घर में किसी के बीमार पड़ जाने पर, या त्यौहार के दिन। इन अफसरों पर मां की दिनचर्या पर क्या फर्क पड़ता है? सोच और लिखो।

Answer. बच्चे स्वयं करें।

Page No : 95, Block Name : अनुमान और कल्पना

Q2 कविता में दिन-रात शब्द आया है। दिन रात का विलोम है। तुम ऐसे 4 शब्दों के जोड़े सोचकर लिखो, जो विलोम शब्दों से मिलकर बने हो। जोड़े के अर्थ को समझने के लिए, वाक्य भी बनाओ।

Answer. निम्लिखित चार शब्द जो विलोम हैं एक दूसरे के, और उनसे बने वाक्य:
1. ऊँच-नीच-
समाज में ऊँच नीच का भेद भाव धीरे धीरे खत्म हो रहा है।
2. खट्टा-मीठा-
मुझे चाट पापड़ी खट्टी मीठी ही पसंद है।
3.ज़मीन-आकाश-
राम और श्याम में ज़मीन आकाश का अंतर है।
4. माता-पिता-
सबके माता-पिता अपने बच्चों की भलाई चाहते हैं।

Page No : 96, Block Name : भाषा की बात

aglasem.com